# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2026

## तारांकित प्रश्न
## 17 मार्च, 2026

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### नगरपालिका के चेयरमैन को निलंबित/बर्खास्त करना

***181 श्रीमती विनेश (जुलाना):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा नगरपालिका जुलाना के चेयरमैन के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों में दर्ज मामले का संज्ञान लिया गया है; यदि हां, तो उक्त संज्ञान किस तिथि को लिया गया था;

(ख) उपरोक्त भ्रष्टाचार मामले के संबंध में चेयरमैन को जेल भेजे जाने के बाद सरकार द्वारा उसके विरुद्ध क्या प्रशासनिक तथा कानूनी कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या चेयरमैन को पद से निलंबित/बर्खास्त या नगरपालिका जुलाना को भंग करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

----

### ट्रांसपोर्ट क्षेत्र विकसित करना

***182 श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि यमुनानगर शहर प्लाईवुड उद्योग का एक प्रमुख केंद्र है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या यमुनानगर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में शहर से बाहर पंचकूला—यमुनानगर राजमार्ग या किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर ट्रांसपोर्ट क्षेत्र विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक विकसित किए जाने की संभावना है?

----

## रिंग रोड का निर्माण करना

***183 श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या साढौरा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के ब्लॉक व्यासपुर में रिंग रोड के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त रिंग रोड का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## तरल अपशिष्ट जल प्रबंधन संयंत्र को स्थापित करना

***184 श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( रेवाड़ी):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या रेवाड़ी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की ग्राम पंचायत आकेड़ा तथा घटाल महनियावास में तरल अपशिष्ट जल प्रबंधन संयंत्र का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?

----

## भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत वितरित कुल राशि

***185 श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में किसानों को बाजरा के लिए ₹2775 प्रति क्विंटल

न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त ₹575 प्रति क्विंटल की भावांतर भरपाई राशि देने की घोषणा राज्य सरकार द्वारा की गई थी; यदि हां, तो क्या उक्त राशि जे-फॉर्म भरने वाले किसानों को प्रदान की गई है तथा इन किसानों की संख्या कितनी है तथा कुल वितरित राशि कितनी है;

(ख) यदि नहीं, तो पात्र किसानों को सरकार द्वारा उक्त भुगतान न किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) राज्य में कुल किसान कितने हैं जिन्होंने जे-फॉर्म भरा हुआ है;

(घ) सरकार द्वारा शेष पात्र किसानों को भुगतान कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ङ) वर्तमान में भुगतान की प्रक्रिया किस स्तर पर लंबित पड़ी है?

----

## नहरों/ रजबाहों का पुनर्निर्माण/जीर्णोद्धार करना

***186 श्री योगीन्द्र सिंह राणा (असंध):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि असंध विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली कई नहरों/ रजबाहों का निर्माण लगभग 45—50 वर्ष पूर्व हुआ था तथा वर्तमान में वे जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, जिसके परिणामस्वरूप किसानों को सिंचाई के साथ-साथ पशुओं के लिए पेयजल उपलब्ध कराने में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है; तथा

(ख) क्या असंध विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले शहर तथा गांवों जयसिंहपुरा, उपलाना, दुपेड़ी, फफडाना, सालवन, कुडलन, अरड़ाना, गंगाटेहड़ी, पोपडा, दनोली तथा मलिकपुर के आसपास स्थित उक्त नहरों/ रजबाहों के पुनर्निर्माण/जीर्णोद्धार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त नहरों/ रजबाहों के पुनर्निर्माण/जीर्णोद्धार के कार्यों के कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या

***187 चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) वर्ष 2023 से अब तक नशे के कारण जिला नूंह में कुल कितनी मौतें हुई हैं;

(ख) जिला नूंह में नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या कितनी है तथा उनमें उपलब्ध बेड की संख्या कितनी है;

(ग) क्या जिला नूंह में बिस्तरों की संख्या या नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(घ) जिला नूंह में नशीली दवाओं / नशे के दुरूपयोग के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने की संभावना है?

----

## सीवरेज प्रणाली लगाना

*188 **सरदार जरनैल सिंह ( रतिया):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या रतिया शहर में शेष सीवरेज प्रणाली बिछाने/लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## पानी की खालों के पुनर्निर्माण की समय-सीमा कम करना

*189 **श्री जस्सी पेटवाड़( नारनौंद) :**
**श्री रणधीर पनिहार(नलवा) :**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में पक्की नहरों की खालों के रि-मॉडलिंग तथा पुनर्निर्माण के लिए सरकार ने वर्तमान में 20 वर्ष की अनिवार्य समय-सीमा निर्धारित की है; तथा

(ख) क्या समय पर मरम्मत तथा प्रभावी सिंचाई सुनिश्चित करने के लिए इस समय-सीमा को 20 वर्ष से कम कर अधिक व्यावहारिक अवधि निर्धारित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## माइनरों के अंतिम छोर तक नहरी पानी की आपूर्ति करना

*190 **श्री चन्द्र प्रकाश ( आदमपुर):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) राज्य के सभी सिंचाई चैनलों के अंतिम छोर तक नहरी पानी की आपूर्ति करने के लिए सरकार द्वारा क्या व्यवस्थाएं की गई हैं;

(ख) क्या यह तथ्य है कि आदमपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की निम्नलिखित माइनरों के अंतिम छोर तक लंबे समय से नहरी आपूर्ति नहीं की जा रही है:—

(i) बालक माइनर;
(ii) राणा डिस्ट्रिब्यूटरी;
(iii) बुड़क सब माइनर;
(iv) बंदाहेडी सब माइनर;
(v) कबीर माइनर;
(vi) बसरा माइनर-2;
(vii) बालसमंद माइनर; तथा

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त माइनरों के अंतिम छोर तक नहरी पानी की आपूर्ति करने के लिए सरकार द्वारा क्या व्यवस्थाएं की गई हैं?

----

## नगरपालिका इंद्री की सीमा क्षेत्र बढ़ाना

*191 **श्री राम कुमार कश्यप (इंद्री):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या नगरपालिका, इंद्री की सीमा क्षेत्र को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## स्टेडियमों एवं खेल परिसरों का निर्माण करना

*192 **श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) गत पाँच वर्षों के दौरान पूरे राज्य में कुल कितने खेल स्टेडियमों का निर्माण किया गया है तथा कलायत विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में कितने खेल स्टेडियमों का निर्माण किया गया है तथा उन पर कितना बजट खर्च हुआ है;

(ख) कलायत क्षेत्र में कुश्ती, कबड्डी तथा एथलेटिक्स में अपार संभावनाओं तथा प्रतिभाशाली युवाओं के होने के बावजूद गत पाँच वर्षों के दौरान कोई भी खेल स्टेडियम अथवा बड़ा खेल परिसर निर्मित न किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या कलायत में नए खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित की गई है या बजट का प्रावधान किया गया है; यदि हां, तो स्थान का ब्यौरा तथा आवंटित राशि क्या

है; तथा

(घ) नई खेल अवसंरचना सुविधा का निर्माण कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## साइबर अपराधों को रोकने के लिए उठाए गए पग

*193 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह)**:

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में साइबर अपराध के मामले बढ़ रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 के दौरान राज्य में पुलिस थाना-वार तथा जिला-वार दर्ज साइबर अपराध मामलों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) राज्य में साइबर अपराधों को रोकने तथा साइबर अपराध जांच तथा जागरूकता को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं या उठाए जाने की संभावना है?

----

## अस्पताल को चिकित्सा महाविद्यालय में परिवर्तित करना

*194 **श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया (फतेहाबाद)**:

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या फतेहाबाद में वर्तमान में निर्माणाधीन 200 बैड़ो वाले अस्पताल का निर्माण पूरा होने पर चिकित्सा महाविद्यालय में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण करना

*195 **श्रीमती शक्ति रानी शर्मा (कालका)**:

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव गणेश-पुर भोरियां में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण करने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पी.एच.सी.) का निर्माण कार्य के कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## शहरों के नाम तथा संख्या उपलब्ध कराना जिनके मास्टर प्लान नियमित नहीं हुए

*196 **श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) राज्य में ऐसे शहरों के नाम क्या हैं तथा संख्या कितनी है जिनके मास्टर प्लान अब तक औपचारिक रूप से नियमित या अधिसूचित नहीं किए गए हैं तथा इसके क्या कारण हैं; तथा

(ख) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि इन क्षेत्रों में नियमित मास्टर प्लान के अभाव में सीधे तौर पर इन क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों का विस्तार तथा भू-माफियाओं को उभरने का बढ़ावा मिल रहा है?

----

## नगर निगम फरीदाबाद द्वारा भूमि अधिग्रहण करना

*197 **श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि में तिगांव, बल्लभगढ़ सड़क पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के निकट स्थित परंपरागत रूप से "होली दहन" के लिए प्रयुक्त भूमि को अब तक नगर निगम फरीदाबाद द्वारा औपचारिक रूप से अधिग्रहित या चिन्हित नहीं किया गया है; तथा

(ख) उक्त भूमि को अब तक नगर निगम फरीदाबाद के प्रत्यक्ष अधिकार क्षेत्र में न लाए जाने के क्या कारण हैं?

----

## निःशुल्क/रियायती यात्रा सुविधा प्रदान करना

*198 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या वर्ष 1992-93 में स्वर्गीय चौधरी भजन लाल जी के कार्यकाल में बनाई गई सहकारी परिवहन नीति प्रभावी है तथा वर्तमान में राज्य में लागू की जा रही हैं;

(ख) यदि हां, तो निजी/सहकारी परिवहन सोसायटी द्वारा संचालित बसों में सरकार की नीति के अनुसार छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों तथा अन्य पात्र वर्गों को प्रदान की जाने वाली निःशुल्क या रियायती यात्रा सुविधा प्रदान न करने के क्या कारण हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो उक्त नीति में संशोधन या बदलाव कब किया गया था तथा इसके क्या कारण हैं ?

----

## सड़कों का पुनर्निर्माण करना

***199 सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

. क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि पिहोवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की निम्नलिखित सड़कें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं—

(i) पिहोवा से गांव गुलडेरा वाया गलेडवा;
(ii) भद्रकाली मंदिर से गांव झांसा;
(iii) गांव गुलडेरा से मांगना वाया धूलगढ़;
(iv) गांव गुमथला से भागल वाया खेड़ी शिशगरां, हेलवा, सयोंसर तथा ककराला;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों के पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि गांव रामगढ़ से नौच तक सड़क के निर्माण की घोषणा वर्ष 2018 में की गई थी तथा इसके लिए सरकार द्वारा राशि भी जारी की जा चुकी है; यदि हां, तो उक्त सड़क का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के अंतर्गत पंजीकृत सक्रिय श्रमिकों की संख्या

***200 श्रीमती पूजा(मुलाना) :**
**चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह) :**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) गत पाँच वर्षों के दौरान राज्य में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी

योजना के अंतर्गत पंजीकृत सक्रिय श्रमिकों की वर्षवार संख्या कितनी है;

(ख) गत पाँच वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने वाले सक्रिय श्रमिकों की वर्षवार संख्या कितनी है;

(ग) गत पाँच वर्षों के दौरान योजना के अंतर्गत बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले सक्रिय श्रमिकों की वर्षवार संख्या कितनी है;

(घ) गत पाँच वर्षों के दौरान मजदूरी में 15 दिन से अधिक देरी होने के मामलों में सक्रिय श्रमिकों को भुगतान की गई मुआवजे की राशि का वर्षवार ब्यौरा क्या है; तथा

(ङ) सक्रिय श्रमिकों के बैंक खातों में लंबित बेरोजगारी भत्ता कब तक जमा किए जाने की संभावना है?

----